

# ई-समाचार

## द्विमासिक समाचार पत्रिका

अंक - 16 मार्च- अप्रैल वर्ष - 2017

**नव आवान्तुक छात्रों, कर्मचारियों एवं अधिकारियों का भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भुवनेश्वर परिवार में शामिल होने की हार्दिक बधाई! आप सभी का हार्दिक अभिनन्दन एवं स्वागत**

राजभाषा एकक

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भुवनेश्वर द्वारा सम्पादित

## विषय सूची


- नाल्को के साथ समझौता ज्ञाप
- एनआईआरएफ रैंकिंग 2017
- नये स्टार्टअप केन्द्र
- औद्योगिक दौरा
- समझौता ज्ञापन विनिमय
- बधाई
- नई नियुक्तियां
- संस्थान संगोष्ठी
- प्रथम पूर्व छात्र सम्मलेन
- नराकास भुवनेश्वर (के.) की बैठक
- अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस-2017
- छात्रों का औद्योगिक दौरा
- गोल मेज परिचर्चा
- होली उत्सव
- नवाचार उत्सव में प्रतिनिधित्व
- बास्केटबॉल टीम की जीत
- राजमिस्त्रियों के लिए कार्यशाला
- नेत्र सुरक्षा संगोष्ठी
- आईआईटी भुवनेश्वर के स्टार्टअप ने बिजनेस प्रतियोगिता जीती


## नाल्को के साथ समझौता ज्ञापन

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भुवनेश्वर और राष्ट्रीय स्तर की ऐल्युमीनियम कंपनी नाल्को के मध्य दिनांक 15 अप्रैल, 2017 को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया गया। इस अवसर पर जनजातीय मामले के माननीय केन्द्रीय मंत्री श्री जुआल ओराम तथा विद्युत, कोयला, नव तथा अक्षय ऊर्जा मामले के माननीय केन्द्रीय मंत्री श्री पीयूष गोयल, नाल्को के प्रबंध निदेशक डॉ. टी.के. चांद तथा कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। आईआईटी भुवनेश्वर की ओर से प्रो. आर. के. पंडा, संकायाध्यक्ष (शोध एवं विकास) तथा नाल्को की ओर से श्री सुब्रत कर, महाप्रबंधक (शोध एवं विकास) ने एमओयू पर हस्ताक्षर किया।

बृहद उद्देश्य के साथ हस्ताक्षरित इस एमओयू का मुख्य उद्देश्य भा. प्रौ. सं. भुवनेश्वर और नाल्को के मध्य आपसी सहमति व सहयोग से विभिन्न समस्याओं व आवश्यकताओं के अनुरूप कार्य करना होगा। इसके तहत कौशल विकास के उद्देश्य से नाल्को के तकनीकी कार्मिकों को सतत शिक्षा उपलब्ध करवाना, आईआईटी के छात्रों के लिए प्रशिक्षण का प्रबन्ध करना, सामाजिक तौर पर पिछड़े व्यक्तियों के लिए कौशल दक्षता कार्यक्रम संचालित करना, आईआईटी भुवनेश्वर तथा नाल्को को शोध एवं विकास केन्द्र में स्टेट-ऑफ-द-आर्ट प्रयोगशाला स्थापित करना, नई खोज एवं उद्यमिता को बढ़ावा देना इत्यादि महत्वपूर्ण कार्य करने का उद्देश्य है।

## एनआईआरएफ रैंकिंग

मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार ने वर्ष 2017 के लिए सभी इंजीनियरिंग महाविद्यालयों के लिए एनआईआरएफ रैंकिंग की घोषणा की जिसमें संस्थान को इंजीनियरिंग महाविद्यालयों में 18वां स्थान हासिल हुआ। मंत्रालय द्वारा एनआईआरएफ कार्यक्रम की शुरुआत सितंबर 2015 में हुई जिसके अंतर्गत देशभर के संस्थानों को विभिन्न कैटेगरी में रैंकिंग तय की जाती है।

**मेरे लिये हिन्दी का प्रश्न स्वराज्य का प्रश्न है। - राजर्षि पुरुषोत्तमदास टण्डन।**

## आईआईटी भुवनेश्वर के नये स्टार्टअप केन्द्र

द्वितीय चरण के चयन प्रक्रिया के आधार पर आईआईटी भुवनेश्वर ने कुल 12 स्टार्टअप को चयनिति किया गया जिनके अवधारणा शीर्षक निम्न है— (i ) पोस्टफिट (ii ) टेक्नो सोलर सॉल्यूशंस (iii ) लो कॉस्ट कंवर्टर लेस स्टैंडालोन सोलर फोटोवोल्टेइक सिस्टम (iv ) कंपोजिट फॉर थर्मल मैनेजमेंट ऑफ इलेक्ट्रोनिक्स कंपोनेंट्स (v ) पानी-पुरी वेंडिंग मशीन (vi ) फ्लैश डील इ-कॉमर्स प्रा. लि. (vii ) डीडी बायोसॉल्यूशन टोक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड (viii ) मॉडर्न कंपोजिट (ix ) गैडीवला डॉट कॉम प्रा.लि. (x ) मीलरॉब्स एलएलपी (xi ) ट्रोबेल बुक्स स्टोर प्रा. लि. (xii ) रूरल-इंडो-एली

## औद्योगिक दौरा

उद्यमिता और लघु व्यवसाय प्रबंधन विषय को जानने हेतू छात्रों के एक समूह ने 9 अप्रैल 2017 को मेचैम प्राइवेट लिमिटेड को दौरा किया। यांत्रिक विज्ञानं विद्यापीठ के संकाय प्रो.पी.के.जे. महापात्र, डॉ. अखिलेश बर्वे, डॉ. पांडु रंग, डॉ. अंकुर गुप्ता के मार्गदर्शन में द्वित्य वर्ष के छात्रों ने यह औद्योगिक भ्रमण किया। मेकेम प्राइवेट लिमिटेड डोम्स, तेज नौका, बचाव नौका आदि की निर्यातक कंपनी है। इसके अलवा यह बच्चों के खेल मैदान सामग्री, यात्री नौका, फाइबर ग्लास नौका, जल स्कूटर, दरवाजा, हिंग्स रूफिंग शीट्स, फ्रैप डस्टबिन आदि का भी निर्माण करती है।

## शंघाई जिआओ तोंग विश्वविद्यालय, चीन के साथ समझौता ज्ञापन विनिमय

खनिज, धातुकर्म एवं पदार्थ अभियांत्रिकी विद्यापीठ (एसएमएमएमई), भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भुवनेश्वर तथा इंजीनियरिंग सेंटर फॉर मटेरियल्स मैन्यूफैक्चरिंग, स्कूल ऑफ मटेरियल्स साइंस एंड इंजीनियरिंग, शंघाई जिआओ तोंग यूनिवर्सिटी (एसजेटीयू), चीन के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुआ था। इसी को फौलोअप करने के क्रम में एसजेटीयू, चीन से एक चार सदस्यीय डेलीगेशन टीम दिनांक 4-7 अप्रैल के दौरान आईआईटी भुवनेश्वर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'करेंट ट्रेंड्स इन सोलिडिफिकेशन प्रोसेसिंग एंड टेक्नोलॉजी' कार्यशाला में शिरकत करने आई। इसी दौरान दिनांक 4 अप्रैल 2017 को दोनों संस्थानों के मध्य एक समझौता ज्ञापन के अनुसार विनिमय भी हुआ।



## नई नियुक्तियां

अप्रैल माह में श्री टी. के. महापात्रा, ए.एस.ओ. तथा डॉ. एस. एस. यादव, ओ.एस.डी स्पोर्ट्स ने कार्यभार ग्रहण किया।

## बधाई

- डॉ. राजन झा, आधारीय विज्ञान विद्यापीठ का ऑप्टिकल सोसायटी ऑफ अमेरिका में वरिष्ठ सदस्य के तौर पर चयन हुआ है। इस उपलब्धि के लिए डॉ. झा को अनेक बधाई।
- डॉ. अंकुर गुप्ता, यांत्रिकी विज्ञान विद्यापीठ को 'इंटरनेशनल सोसायटी फॉर एनर्जी, एन्वायमेंट एंड सस्टेनेबेलिटी' ने 'युवा वैज्ञानिक पुरस्कार 2017' प्रदान किया गया है। डॉ. गुप्ता को अनेक बधाई।

## भारत एवं सार्क : पड़ोस से संबंध विषय पर संस्थान संगोष्ठी



7 अप्रैल 2017 को संस्थान द्वारा 'भारत एवं सार्क : पड़ोस से संबंध' विषय पर एक संगोष्ठी आयोजित की गई जिसमें मुख्य वक्ता के तौर पर श्री अनिल त्रिगुणायत, सेवानिवृत्त राजदूत ने शिरकत की। इसका आयोजन अरगुल परिसर स्थित सामुदायिक केन्द्र में किया गया।

## प्रथम पूर्व छात्र सम्मलेन

अपने पूर्व छात्रों के साथ बेहतर संपर्क स्थापित करने के उद्देश्य से संस्थान में दिनांक 14-16 अप्रैल 2017 के दौरान प्रथम पूर्व छात्र सम्मलेन आयोजित किया गया। अरगुल परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में संस्थान ने अपने सभी पूर्व के छात्रों को आमंत्रित किया। अरगुल पहुंचने वाले 50 पूर्व छात्र जो कि संस्थान के विभिन्न संकायों से पास आउट हो चुके हैं, संस्थान की नई तरक्की देखकर खासे प्रसन्न नजर आए।





## नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति भुवनेश्वर (के.) की 60 वीं बैठक

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति भुवनेश्वर (के.) की 60वीं बैठक का आयोजन दिनांक 06.03.2017 को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भुवनेश्वर के संस्थान प्रेक्षागृह में प्रो. आर. वी. राज कुमार, अध्यक्ष नराकास एवं निदेशक भा.प्रौ.सं. भुवनेश्वर की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में प्रो. प्रेमचंद पाण्डेय, वरीष्ठ प्राध्यापक, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भुवनेश्वर, मुख्य अतिथि एवं श्री अतुल कुमार नायक, मुख्य अभियंता, केंद्रीय जल आयोग, बतौर विशिष्ठ अतिथि उपस्थित रहे।

बैठक का प्रारंभ अतिथियों के स्वागत से हुआ। श्री यमुना प्रसाद, सदस्य-सचिव (कार्यवाहक), नराकास भुवनेश्वर (के.) ने नराकास की गतिविधियों एवं इसकी महत्ता पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात अध्यक्ष नराकास की अनुमति से बैठक की कार्यसूची पर बिंदुवार चर्चा प्रारंभ की गई। बैठक में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति भुवनेश्वर (के.) को विभाजन न करने पर सभी सदस्य कार्यलयों ने जोर दिया।

सर्वप्रथम उपस्थित सदस्य कार्यालयों के सदस्यों ने पिछली बैठक के कार्यवृत्त को पुष्टि प्रदान करने हेतु प्रस्तुत किया। तत्पश्चात 59वीं बैठक में लिए गए निर्णयों पर अनुवर्ती कार्रवाई प्रस्तुत की गई। डॉ. राज कुमार सिंह, सहायक प्राध्यापक, एसईओसीएस एवं प्राध्यापक प्रभारी (राजभाषा) भा. प्रौ.सं. भुवनेश्वर ने अपने संबोधन के दौरान नराकास भुवनेश्वर द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर अपने विचार व्यक्त किए और सभी कार्यलयों से सहयोग की अपील की।

प्रो.प्रेमचंद पाण्डेय, मुख्य अतिथि ने सभी कायार्लय सदस्यों को एक जुट होकर एक तकनीकी सम्मलेन के लिए प्रेरित किया। श्री अतुल कुमार नायक, मुख्य अभियंता, केंद्रीय जल आयोग, विशिष्ठ अतिथि ने नराकास के विभाजन न हो इस जोर दिया एवं सभी कायार्लय सदस्यों ने इसका समर्थन किया। प्रो. आर. वी. राज कुमार ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में सभी कार्यालय प्रमुखों के प्रति आभार व्यक्त किया। एवं 61वीं बैठक अपने स्थायी परिसर अरगुल में आयोजन करने हेतु सभी कार्यालयों प्रमुखों से विचार माँगा और सभी ने सहमती दी। कार्यक्रम का समापन श्रीमती आशा घोष, वरीष्ठ हिंदी अनुवादक, प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त, भुवनेश्वर के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।







## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस-2017

संस्थान के महिला शिकायत निवारण प्रकोष्ठ द्वारा 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवास के अवसर पर तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिस दौरान दिनांक 4.3.2017 को विभिन्न आयोजनों पर थीम आधारित प्रतियोगिता, दिनांक 5.3.2017 को महिला अधिकार व स्वास्थ्य तथा 8 मार्च, 2017 को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।







## उद्यमिता विषयक छात्रों द्वारा आनंद औद्योगिक गैस कंपनी का दौरा

दिनांक 9 अप्रैल 2017 को उद्यमिता के चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों के लिए विभाग के तीन संकाय सदस्यों के साथ औद्योगिक परिभ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी क्रम में मंचेश्वर, भुवनेश्वर स्थित आनंद औद्योगिक गैस लि. का दौरा किया गया। कंपनी मुख्य तौर पर नाइट्रोजन, ऑक्सीजन इत्यादि के उत्पादन में संलग्न है।

## परामर्शी एवं प्रयोजित शोध परियोनाएं

मार्च एवं अप्रैल माह के दौरान संस्थान के संकाय सदस्यों ने 122.39 लाख मूल्य के 12 परामर्शी परियोनाएं एवं 84.28 लाख मूल्य के 3 प्रयोजित शोध परियोनाएं अर्जित की।

## उच्च शिक्षा, उद्यमिता तथा वैश्विक नगर : भुवनेश्वर की संभावना विषय पर गोल मेज परिचर्चा

भारतीय ब्रिटिश काउंसिल के सहयोग से भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भुवनेश्वर ने 'उच्च शिक्षा, उद्यमिता तथा वैश्विक नगर : भुवनेश्वर की संभावना' विषय पर दिनांक 09 मार्च 2017 को तोषाली भवन में गोल मेज परिचर्चा आयोजित की। इस अवसर पर संस्थान निदेशक ने अपने उद्बोधन में कहा कि भुवनेश्वर के विकास के लिए शोध आधारित उच्च शोध आधारित शिक्षा संस्थानों के साथ साझा तौर पर कार्य करने के लिए तैयार है। इसमें जलवायु विज्ञान, पदार्थ विज्ञान, संरचना, ऊर्जा एवं स्मार्ट सिटी पर शोध शामिल हैं। उन्होंने पूर्वी भारत में भुवनेश्वर को शिक्षा के उभरते केन्द्र की महत्ता का बखान करते हुए, यहां पर्यटन विकास पर भी जोर देने की आवश्यकता को बताया ताकि सांस्कृतिक आदान प्रदान संभव हो सके।

## होली उत्सव

11 मार्च, 2017 को संस्थान में होली धूम धाम से मनाई गयी। इस अवसर पर निदेशक महोदय ने संस्थान खेल कूद मैदान में छात्रों एवं संकाय सदस्यों के साथ होली मनाई। होली के शुभ अवसर पर संस्थान की सामाजिक सेवा समिति 'सोल्स फॉर सोलेस' द्वारा 'पीपल फॉर सेवा' नामक सामाजिक संस्था के साथ मिलकर 'प्रतिभा अनाथालय' में छात्रों के एक समूह ने अनाथ बच्चों के साथ समय बिताया और उनके बीच नये कपड़े बांटे।





## नवाचार उत्सव में प्रतिनिधित्व

संस्थान के दो संकाय सदस्य डॉ. सत्यनारायण पाणिग्रही एवं डॉ. मिहिर कुमार पंडित ने चार छात्रों के साथ राष्ट्रपति भवन में आयोजित नवाचार उत्सव में संस्थान का प्रतिनिधित्व किया। इस दौरान छात्रों द्वारा दो स्टार्टअप्स तथा एक परियोजना प्रदर्शित की गई।




## बास्केटबॉल टीम ने जीती ट्राफी

कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग टूर्नामेंट में संस्थान की बास्केटबॉल टीम ने उपविजेता ट्राफी अपने नाम की। टीम का नेतृत्व विवेक गोड्डु तथा लिअन मिन तोंसिंग कर रहे थे जिन्होंने टीम के सदस्यों का नेतृत्वा किया एवं उनका मनोबल बनाये रखा।

## राजमिस्त्रियों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला

दिनांक 28 मार्च 2017 को इंडियन कंक्रीट संस्थान (आईसीआई) भुवनेश्वर केन्द्र ने संस्थान के आधारिक संरचना विद्यापीठ के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जिसमें शहर के 36 नामचीन राजमिस्त्रियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यशाला के प्रायोजन अल्ट्राटेक सीमेंट ने किया था।







## नेत्र सुरक्षा संगोष्ठी

दैनिक जीवन में बढ़ते कंप्यूटर, टीवी, डिजिटल उपकरण के उपयोग के परिणाम स्वरूप सभी उम्र के लोगों की आंखों पर इसका प्रतिकुल प्रभाव पड़ रहा है। आंखों का बेहतर देखभाल किस तरह से किया जाए, इस पर एल वी प्रसाद आई संस्थान के डॉक्टरों ने जानकारी दी। इस कार्यक्रम में एल वी प्रसाद आई संस्थान के उपाध्यक्ष पद्म श्री डॉ. टी पी दास ने भी बतौर वक्ता लोगों को जागरुकता संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई।

## आईआईटी भुवनेश्वर का स्टार्टअप 'वसितार्स' ने इंनोवेशन एवं बिजनेस प्रतियोगिता जीती

आईआईटी भुवनेश्वर का प्रथम स्टार्टअप केन्द्र वरितार्स प्रा. लि. के संस्थापक तुषार गौतम, विश्वास चंद्र खान, मोहिनिश चटर्जी, नितेश कुमार तथा रोजा माइलावारुपु ने संस्थान को गौरवान्वित होने का मौका प्रदान किया। आईआईटी कानपुर द्वारा आयोजित इंटर-आईआईटी टेकमीट 2017 में वरितार्स ने प्रोडक्ट डिजाइन प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और विजेता बना।

